# छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, मुख्यालय

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल

पर्यावास भवन सेक्टर-19 , नवा रायपुर अटल नगर, जिला- रायपुर (छ.ग.)

## दीनदयाल आवास योजना, मनकी, राजनांदगा ॅव अंतर्गत व्यवसायिक भू-खण्ड क्रय करने हेतु नियम / शर्ते

1. भवन के पंजीयन हेतु आवेदन व्यवसायिक भू-खण्ड के पंजीयन हेतु आवेदन शुल्क रू. 1200/- ऑनलाईन भुगतान करेंगे। केवल नये पंजीयन कर्ताओ के लिए।
2. नियमानुसार व्यवसायिक भू-खण्ड हेतु घोषित मूल्य की 10% राशि ऑनलाइन आवेदन पत्र के साथ (NEFT/RTGS /NET BANKING/DEBIT CARD/CREDIT CARD/UPI) के माध्यम से जमा किया जावेगा।
3. यदि ऑनलाईन भुगतान पश्चात् बैंक से मण्डल को भुगतान की पुष्टि/सुनिश्चित न होने या फिर ट्रांजेक्शन असफल होने की स्थिति में चयनित भूखण्ड ऑनलाईन पंजीयन विक्रय हेतु रोक कर रखा जावेगा एवं अगले कार्य दिवस को विक्रय हेतु खोला जावेगा।
4. ऑफर में प्राप्त उच्चतम ऑफर वाले व्यक्ति की ही प्रतिभूति राशि मण्डल अपने पास रखेगी व अन्य ऑफरकर्ताओं की राशि ऑफर खोलने के उपरांत वापस कर दी जावेगी।
5. ऑफर स्वीकृति/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार मण्डल के सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित रहेगा व इसका कोई कारण नही बताया जावेगा।
6. पंजीयन/धरोहर राशि भवन के मूल्य में समायोजित की जावेगी। ऑफर स्वीकृत होने के पश्चात यादि हितग्राही द्वारा जमा राशि वापस मांग की जाती है तो नियमानुसार निम्न कार्यवाही की जावेगी –

   (अ) ऑफर आधार पर आबंटित संपत्ति हेतु जमा धरोहर राशि राजसात कर ली जावेगी, एवम शेष जमा राशि (यदि जमा किया गया हो तो) बिना ब्याज के वापस की जावेगी
7. ऑफर आधार पर आबंटित संपत्ति हेतु ऑफर स्वीकृति के उपरांत ऑफर की शेष राशि मण्डल द्वारा निर्धारित भुगतान तालिका/किश्तों के अनुसार जमा करना होगा अन्यथा आबंटन आदेश स्वतः निरस्त हो जावेगा एवं धरोहर राशि राजसात कर ली जावेगी।
8. योजना के अंतर्गत भू-खण्ड का विक्रय विलेख पंजीयन कार्यालय के नियमों के तहत् किया जावेगा। रजिस्ट्री का व्यय संबंधित हितग्राही को वहन करना होगा एवं फ्री-होल्ड की कार्यवाही आबंटी स्वयं के व्यय से करेगें।
9. आबंटित भू-खण्ड का आधिपत्य के पूर्व फ्रीहोल्ड की संपरिवर्तन शुल्क एवं नियमानुसार देय राशि जमा कराकर समस्त औपचारिकताएं पूर्ण करा ली जावें।
10. पत्र व्यवहार हेतु आवेदक अपना पता फोन नं./मोबाईल नं.,ई-मेल आईडी स्पष्ट रूप से आवेदन फार्म में अंकित करें। अधूरे एवं गलत पते के कारण अथवा डाक व्यवस्था के कारण सूचना नहीं मिलने पर जवाबदारी मण्डल की नहीं होगी।

